गर्मियों में पेयजल सप्लाई पर विभागीय अधिकारी पूरी नजर रखें : ओ. पी. बिश्नोई

- अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक घर तक पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न हो
- हीट वेव के मद्देनजर ग्रामीणों से पूर्ण सावधानी बरतने का आव्हान किया

बीकानेर, (कासं)। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओ. पी. बिश्नोई बुधवार देर रात तक मुकाम में रहे और यहां आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बिश्नोई ने सभी परिवेदनाओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निर्देशित किया और कहा कि रात्रि चौपाल का मुख्य उद्देश्य आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना एवं इनका नियम सम्मत समाधान करना है। उन्होंने क्षेत्र में पेयजल सप्लाई की स्थिति की समीक्षा की और कहा कि गर्मी के मद्देनजर विभागीय अधिकारी इस पर पूर्ण नजर रखें। खराब ट्यूबवैल अविलम्ब ठीक करवाए जाएं। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कुछ घरों में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन नहीं हो रहे हैं।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने कहा कि सर्वे के अभाव में यह परिवार वंचित रहे हैं, तो इनके प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को अविलम्ब भिजवाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक घर तक पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता नहीं हो। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने हीट वेव के मद्देनजर ग्रामीणों से पूर्ण सावधानी बरतने का आव्हान किया। यहां समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत होने और भवन बने होने के बावजूद, नॉर्म्स के अनुसार संचालित ना होने की जानकारी ग्रामीणों ने दी। ग्रामीणों ने बताया कि यहां प्रसव की सुविधा भी नहीं है। इस पर बिश्नोई ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक को सभी व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे जुड़ी प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्यवाही हो। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदले जाएं। क्षेत्र में विद्युत लोड को देखते हुए मुकाम के लिए अलग से 33/11 केवी जीएसएस स्थापित करने के प्रस्ताव भेजने को कहा।

उन्होंने कहा कि मुकाम के धार्मिक महत्व को देखते हुए यहां की पुलिस चौकी में पर्याप्त जाब्ता हो। वर्तमान में यहां सात स्वीकृत पदों के विरूद्ध एक कांस्टेबल ही पदस्थापित है, जिससे व्यवस्था संधारण में परेशानी होती है। उन्होंने इसके लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने बताया कि मुकाम में शराब की बिक्री अनुमत नहीं होने के बावजूद यहां अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है। इससे कई प्रकार की अवांछित घटनाएं होने की संभावना रहती है। इसके मद्देनजर उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने को कहा।

देर रात 12 बजे से अधिक समय तक चली रात्रि चौपाल के दौरान 25 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए, जिन पर कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान नोखा तहसीलदार चन्द्रशेखर, सरपंच कुन्नी देवी मेघवाल, रामूराम, पूर्व सरपंच रविन्द्र बिश्नोई, हनुमान दिलोइया, मांगीलाल सारण, जुगल और रामलाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

मनरेगा श्रमिकों के समय में परिवर्तन : प्रचंड गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के तहत नियोजित श्रमिकों के कार्य समय में परिवर्तन किया गया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से श्रमिकों के कार्य का समय सुबह 5:30 से दोपहर 12:30 बजे (विश्राम काल रहित) तक किया गया है। वर्तमान में यह व्यवस्था 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में मनरेगा

सार-समाचार

मांगों को लेकर डी.ई.ओ. का घेराव

बीकानेर,(कासं)। शिक्षकों के विभिन्न लंबित प्रकरणों यथा एसीपी/एमएसीपी, नोशनल लाभ आदि के संबंध में कार्यालय द्वारा बरती जा रही लापरवाही एवं लेटलतीफी को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के बैनर तले जिलाध्यक्ष आदूराम मेघवाल की अगुवाई में सैकड़ों शिक्षकों ने जिशिअ प्रा.शि. बीकानेर का घेराव किया एवं प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करवाया। शिक्षकों के दबाव को देखते हुए कार्यालय द्वारा कुछ मात्रा में एसीपी आदेश उसी समय जारी किया गए।। संगठन के प्रतिनिधि मंडल की जिशिअ से वार्ता के दौरान शिक्षकों के शेष समस्त लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी दस दिनों में कार्यालय द्वारा किये जाने का आश्वासन दिया गया।। संगठन के जिला मंत्री भंवर सांगवा ने तय समय सीमा में समस्त प्रकरण निस्तारित कर संबंधित आदेश जारी नहीं करने की स्थिति में संगठन द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।। संगठन के जिला प्रवक्ता अरूण गोदारा ने बताया कि आज के घेराव एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित, प्रदेश प्रतिनिधि रेवंतराम गोदारा, संयोजक श्याम देवड़ा, महेन्द्र सिंह, मनीष ठाकुर, गणेश डोगीवाल, हेमेन्द्र बाना, हुकमाराम, महेन्द्र भंवरिया, श्रीराम बिजारणियां, जगदीश ढाका, गोपीराम, विजेंद्र, विजय सिंह, आरिफ अली, किशोर सिंह सहित अनेक शिक्षक शामिल थे।

धोरों में सैनिकों ने किया अभ्यास

बीकानेर, (कासं)। भारतीय सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने पश्चिमी सीमा के धोरों में चल रहे सैन्य अभ्यास अनंत विजय के संचालन को देखा। एक महीने चले इस अभ्यास का समापन बुधवार को हुआ। रेगिस्तान के विशाल क्षेत्र में सेना की रणबांकुरा डिवीजन के सैनिकों ने इसे पूरा किया। इस दौरान डिवीजन ने संचालनात्मक युद्धाभ्यास किए। संयुक्त हथियारों के संचालन और भूमि तथा वायु संसाधनों के एकीकृत उपयोग की पुष्टि की गई। विभिन्न रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं को अपनाया गया। जो नवीन और अत्याधुनिक तकनीकों से विकसित किए गए है। सैन्य अभ्यास में आर्मी एविएशन और भारतीय वायु सेना के उपकरणों की भागीदारी रही। सेना कमांडर ने रणबांकुरा डिवीजन के सभी रैंकों के प्रदर्शित दृढ़ संकल्प और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने चुनौतियों के बावजूद डटे रखने की प्रशंसा की।

जेल में मिला कैदी के पास मोबाइल

बीकानेर, (कासं)। यहां के केन्द्रीय कारागृह में चल रहे मोबाइल व नशे के खेल ने कारागृह की सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिया है। एक बार फिर बीकानेर के केन्द्रीय कारागृह में बंदी के पास मोबाइल मिला है। बीकानेर की जेल में अब तक औचक निरीक्षण तथा तलाशी के दौरान जनवरी माह से अब तक 21 मोबाइल जब्त किए जा चुके हैं। इस आशय की रिपोर्ट कारागृह सुरक्षा प्रहरी जितेन्द्र कुमार ने बीछवाल पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक जेल की बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदी जालौर के वादा भारवी निवासी सुरेश पुत्र आसुराम के पास से मोबाइल

गाड़ियों में आये हिस्ट्रीशीटरों ने बदमाशों के साथ दहशत फैलाई

- हाईवे स्थित रेस्टोरेंट, होटल में फायरिंग, जमकर तोड़फोड़, मारपीट, जानलेवा हमला तथा लोगों को डराया व धमकाया

बीकानेर, (कासं)। जिले में शहर से लेकर गांव तक दो गाड़ियों में सवार होकर आये हिस्ट्रीशीटरों ने बदमाशों के साथ दहशत फैलाई। हाईवे स्थित रेस्टोरेंट, होटल में फायरिंग, जमकर तोड़फोड़, मारपीट, जानलेवा हमला तथा लोगों को डराया व धमकाया। उसके बाद हरकत में आई पुलिस ने टीमें गठित कर इन बदमाशों के पीछे लगाई। बारह घंटों के बाद पुलिस ने इन बदमाशों को पकड़ इनके कब्जे से हथियार बरामद किए है।

पुलिस के मुताबिक नापासर के हिस्ट्रीशीटर गुसांईसर छोटा निवासी रामस्वरूप निंबडिया, विजयपाल जाट, सीताराम निंबडिया तथा श्रीडूंगरगढ़ निवासी कालू भार्गव डीडवाना गए थे। जहां से नई बोलेरो गाड़ी लेकर आये। जो कि कालू के नाम से थी। मंगलवार देर रात तकरीबन साढ़े तीन बजे इन बदमाशों की शोभासर टोल नाके पर काम करने वालों के साथ बोलचाल हो गई। बदमाशों ने इनके साथ मारपीट की तथा जमकर तोड़फोड़ की। वहां से खारा पहुंचे जहां ट्रांसपोर्टर मनोज के साथ मारपीट व छीनाझपटी की। उसके बाद ये लोग जयपुर बाइपास पहुंचे। जहां गणगौर होटल में काम करने वाले चन्द्रप्रकाश विश्नोई पर लोहे के पाइप से हमला किया। उसके बाद ये बदमाश शेरुणा गांव की रोही स्थित वीर तेजा होटल पहुंचे। जहां उन्होंने जमकर उत्पात मचाया। खिड़की, दरवाजों के शीशे फोड़ दिए तथा कुर्सियां तोड़ डाली। वहां काम करने वालों को डराया व धमकाया तथा इसी दौरान वहां पहुंचे होटल संचालक रामनिवास गोदारा पर फायरिंग की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

ऐसे में पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम खुद मौके पर पहुंची। पुलिस ने इनको पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया तथा कल देर शाम को ये चारों बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गए। इनकी तलाशी लेने पर इनके पास एक पिस्टल, देशी कट्टा तथा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से बोलेरो गाड़ी भी जब्त कर ली है। आदतन अपराधी रामस्वरूप के खिलाफ 16 व विजयपाल के खिलाफ 8 मुकदमे थानों में दर्ज है। इस वारदात के बाद संबंधित पुलिस थानों में अलग-अलग मामले भी दर्ज किए गए है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापना के निर्देश

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने बताया कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष 15 जून से 30 सितम्बर तक अथवा मानसून समाप्ति तक प्रतिदिन 24 घंटे कार्यरत रहेगा। इसके दूरभाष नंबर 0151-2226031 व टोल फ्री नंबर 1077 होंगे। पूर्व में संचालित जिला नियंत्रण कक्ष में कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कार्मिक अपनी पारी के अनुसार जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का कार्य भी संपादित करेंगे। जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना तथा सहायक प्रभारी उपखंड अधिकारी कविता गोदारा को बनाया गया है। समस्त जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को भी अपने विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए।

लोन की किश्त लेने गए कर्मचारी का सिर फोड़ा

बीकानेर, (कासं)। यहा नयाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में लोन की किश्त लेने के लिए पहुंचे कार्मिक पर हमला करने का मामला सामने आया है।

इस आशय की रिपोर्ट पीड़ित व घायल सोनू कुमार जाट ने थाने में दी है। सोनु कुमार जाट कुलधरा इनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड का कार्मिक है। उसने पुलिस को बताया कि भाटों का बास निवासी सुमन पत्नी मांगीलाल ने कम्पनी से 36 हजार रूपये का लोन ले रखा है। जिसकी मासिक किश्त 1739 रुपये है। उसी किस्त को लेने के लिए वह और उसका अधिकारी सुमन के घर पहुंचे थे। बाहर से इन्होंने आवाज लगाई। इस पर सुमन के पति ने कहा कि उससे मोबाइल पर बात कर लो। सुमन के मोबाइल पर बात हुई तो उसने दस मिनट में आने को कहा। इसी दौरान सुमन का बेटा वहां पहुंच गया और गालियां निकालने लगा। उसके हाथ में डंडा था। जिसको उसने परिवादी के सिर पर दे मारा। जिससे उसका सिर फूट गया और खून बहने लगा। इससे परिवादी को पांच टांके आये हैं। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं पार्लर मालिक सहित सात लोगों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में बंगलानगर निवासी रवि पंवार ने कोर्ट इस्तगासे के जरिए व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

परिवादी का आरोप है कि मूर्ति सर्किल के पास स्थित डेजल जेंटस पार्लर के मालिक शिवशंकर, मालाराम, अभिनव, रणवीर, हनुमान, आर्यन, विरेन्द्र ने उसके फोन में ऐप डाउनलोड कर डरा धमकाकर उसके एटीएम से उसके दो बैंकों में 25 लाख का लेनदेन धोखाधड़ी पूर्वक कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/2965 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.05.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दर्शना कुमारी पत्नी श्री विजय कुमार निवासी म.नं. 94, रवि चौक के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 43/55 के किला नं. 18 में माप 15 इंटू 50 फीट भूखंड सं. 121	आवासीय निषमन पट्टा सं. 2130 दिनांक 13.5.2003 को श्री आंसू सिंह चौहान पुत्र श्री नारायण सिंह चौहान के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्रीमती दर्शना कुमारी द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.04.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती दर्शना कुमारी पत्नी श्री विजय कुमार निवासी म.नं. 94, रवि चौक के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। – सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला

- पत्नी बच्चों के साथ पीहर गई थी, पति घर में अकेला ही था

बीकानेर, (कासं)। मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस थानान्तर्गत एक बंद मकान से बदबू आ रही थी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दी तो मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने जब मकान को खोला तो फांसी के फंदे पर एक व्यक्ति झूलता मिला। घर में वह अकेला ही था।

उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ पीहर गई हुई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि तीन-चार दिन पहले ही उसने सुसाइड कर लिया था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रामपुरा बस्ती गली नम्बर 09 स्थित चैन सिंह पुत्र हरिसिंह के घर से बदबू आ रही थी। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तो खुद चैन सिंह फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। उस वक्त घर में कोई नहीं था। पुलिस के मुताबिक शव तीन-चार दिन पुराना है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर मोर्चरी में रखवाया है।

हादसे में किशोर घायल : बीकानेर जिले में गुरूवार को तीन वाहन आपस में भिड़ गए। इस हादसे में एक किशोर घायल हो गया। उसको पीबीएम के ट्रोमा सेन्टर लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उदयरामसर टोल नाके के पास ट्रक, कार व कैम्पर गाड़ी आपस में भिड़ गए। इस हादसे में एक किशोर घायल हो गया।

रात आठ बजे बाद भी खुलेआम बिक रही है शराब

- आबकारी विभाग सब कुछ जानते हुए आंखें मूंदकर बैठा है

बीकानेर, (कासं)। जिले में शराब तस्करी के साथ-साथ शराब ठेकेदार आबकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। आबकारी विभाग मानव संसाधन समेत अन्य संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में शराब ठेकेदार रात आठ बजे बाद भी शराब खुलेआम बेच रहे हैं।

आबकारी विभाग सब कुछ जानते हुए आंखें मूंदकर बैठा है। नतीजा यह है कि पिछले साढ़े चार महीने में तय समय बाद शराब बेचने की महज दो कार्रवाई की गई। अधिकारी स्टाफ व संसाधनों का रोना रोकर कार्रवाई से बच रहे हैं। इसका फायदा शराब ठेकेदार उठा रहे हैं।

जिले में आबकारी विभाग के शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पांच सर्किल बनाए गए हैं। बीकानेर में आबकारी निरोधक दल के लिए 101 पद स्वीकृत किए गए, जिसमें से 53 कार्यरत हैं। वर्तमान में 48 पद खाली पड़े हैं। प्रहराधिकारी प्रथम के दो स्वीकृत पद में से एक, प्रहराधिकारी द्वितीय के सात स्वीकृत पद में से तीन, जमादार प्रथम श्रेणी के चार में से तीन, जमादार द्वितीय श्रेणी के 10 में से आठ एवं सिपाही के 66 पदों में से 27 पद खाली पड़े हैं। आबकारी विभाग में अधिकारियों के पास 12 रायफल और दो रिवाल्वर हैं। आबकारी के पांच थाने हैं। जिला आबकारी अधिकारी के पास सरकारी वाहन है। इसके अलावा चार सर्किल में एक-एक जीप है। चार सर्किल में से तीन सर्किल में किराये पर जीप उपलब्ध कराई हुई है। आबकारी के पास कोई हथियार नहीं है। आबकारी निरोधक दल के पास सात जीप हैं।

मोहनराम पूनिया, जिला आबकारी अधिकारी का कहना है कि आबकारी विभाग में साधन-संसाधन पर्याप्त हैं, लेकिन मैनपावर की कमी है। इसके चलते व्यवस्थाओं को सुचारु चला पाना मुश्किल होता है।

एवरेस्ट पर कदम रखे

बीकानेर,(कासं)। नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन, नई दिल्ली की कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुषमा बिस्सा व ओजस्वी बिस्सा, पुत्रवधू अनामिका व्यास बिस्सा व एवरेस्टर मगन बिस्सा, डॉ. सुषमा बिस्सा की पौत्री आरोही टीम के साथ आज नेपाल स्थित माउंट एवरेस्ट के आधार शिविर 5368 सी (17598) पहुंची तथा इतिहास रच दिया। जिसमें 19 माह की आरू संभवत: विश्व की पहली सबसे कम आयु की लड़की है जो एवरेस्ट आधार शिविर पर अपने कदम रखे।

इसके अलावा एक परिवार के पांच सदस्य जिसमें तीन पीढ़ी एक साथ आधार शिविर पहुंची है। संस्थान के आर. के. शर्मा ने बताया कि आज सवेरे गोरखशेप से रवाना होकर विश्व के सबसे खतरनाक खुम्बु ग्लेशियर को पार कर आधार शिविर पहुंचे तथा वहां कैम्प लगाकर बैठे अनेक देशों के एवरेस्ट अभियान दल के सदस्यों को शुभकामनाएं देकर वापस गोरखशेप पहुंचे। वर्ष 1984 में भारत के एवरेस्ट अभियान दल ने एवरेस्ट शिखर आरोहण कर इतिहास रचा था। जब देश की पहली एवरेस्ट विजयिनी सुश्री बछेन्द्री पाल के कदम सागरमाथा तक पहुंचे थे।

इसी इतिहास की 40 वीं वर्षगांठ पर उसी अभियान दल के सदस्य 5 मई को नई दिल्ली से काठमांडू पहुंचे। इस दल की महिला सदस्यों की टीम सुश्री बछेन्द्री पाल के नेतृत्व में बीकानेर के साहसी भी शमिल हुए तथा जिरी से 17 दिन की पदयात्रा कर सागरमाथा के चरणों तक पहुंचे। इस यात्रा के दौरान डॉ. सुषमा बिस्सा अपनी पौत्री को प्रारंभ से ही साथ लेकर पदयात्रा पर निकली तथा अभियान को सफल करके ही दम लिया।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/2968 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.05.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता राठौड़ पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़, उदय सिंह राठौड़ व श्री अक्षय सिंह पिसरान श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़ निवासी गली नं. 5, शिव नगर, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र का विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 41/43 किला नं. 21 में माप 25 इंटू 50 फीट भूखंड सं. सी-38, शिवनगर, श्रीगंगानगर	आवासीय निषमन पट्टा सं. 13040 दिनांक 29.12.21 को श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़ पुत्र श्री अमर सिंह राठौड़ के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़ की मृत्यु दिनांक 23.03.2024 को हो चुकी है।	1. ममता - पत्नी 2. अक्षय - पुत्र 3. उदय - पुत्र	श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़ की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा वारिस प्रमाण पत्र, पट्टे की प्रति व श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़ का मृत्यु प्रमाण पत्र न्यास में भूखंड के नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती ममता राठौड़ पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़, उदय सिंह राठौड़ व श्री अक्षय सिंह पिसरान श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़ निवासी गली नं. 5, शिव नगर, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। – सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

गोचर भूमि में पीपल के पौधे लगाये

बीकानेर, (कासं)। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सुजानदेसर गोचर भूमि के अंदर पीपल के पेड़ों का रोपण किया। 2500 साल पहले सिद्धार्थ गौतम बुद्ध ने पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर ही परम ज्ञान की प्राप्ति की थी। इसलिए जहां पर बुद्ध को ज्ञान की प्राप्त हुई उसे पीपल के पेड़ का नाम ही बोधि वृक्ष रह गया है। बुद्ध पूर्णिमा का मन का दूसरा नाम पीपल पूर्णिमा भी कहते हैं। आज के वृक्षारोपण में भागीरथ नंदिनी संस्था के अध्यक्ष मिलन गहलोत समाजसेवी का संतोष परिहार, ओमप्रकाश सुथार, मुरली प्रजापत, जगदीश प्रसाद कुम्हार, जमना देवी, सन्तोष, खालिदा बानो, सुन्दर देवी, सीता देवी, बेबी,परमेश्वरी देवी आदि लोग उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय परिसर में दो दर्जन से ज्यादा परिंडे और चुग्गा पात्र पेड़ों पर बांधे

- प्रतिदिन परिंडों में पानी और चुग्गा पात्र में चुग्गा डाला जायेगा

बीकानेर, (कासं)। अत्यधिक गर्मी में पक्षियों के संरक्षण हेतु स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर में परिंडा एवं चुग्गा पात्र बांधने का अभियान शुरू किया गया।

कुलपति डॉ अरूण कुमार, कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में दो दर्जन से ज्यादा परिंडे और चुग्गा पात्र पेड़ों पर बांधे गए। परिंडों को पानी से और चुग्गा पात्र को चुग्गा डालकर भरा गया। कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर काफी हरा भरा है लिहाजा यहां कई प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। अत्यधिक गर्मी में पक्षियों को पीने के लिए पानी मुहैय्या कराने को लेकर परिंडे बांधे गए हैं।

साथ ही चुग्गा पात्र भी लगाए गए हैं। कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के संरक्षण हेतु विश्वविद्यालय में परिंडा और चुग्गा पात्र बांधने का अभियान शुरू किया गया है।

जो गर्मियों में लगातार जारी रहेगा। प्रतिदिन परिंडों में पानी और चुग्गा पात्र में चुग्गा डालना भी सुनिश्चित किया गया है।

साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय स्टॉफ भी अपने घर व घर के आस पास पेड़ पर परिंडे और चुग्गा पात्र बांध कर भीषण गर्मी में पक्षियों के संरक्षण का पुनीत कार्य करें।

इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी विपिन लड्ढा, अनुसंधान निदेशक डॉ पी.एस. शेखावत, निदेशक प्रसार डॉ सुभाष चंद्र, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल, पीजी अधिष्ठाता डॉ दीपाली धवन, आईएबीएम अधिष्ठाता डॉ आई.पी. सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ वीर सिंह, कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी.के यादव, मानव संसाधन विकास निदेशालय निदेशक डॉ ए. के. शर्मा, डॉ दाताराम आदि मौजूद थे।

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर, (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 2969 दिनांक : 22/05/2024
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजस्थान सरकार, राजस्व (बी) विभाग, जयपुर द्वारा भूमि (43682 वर्गफुट) का आदेश संख्या एफ2(134) रेवेन्यू बी/62 जयपुर दिनांक 26 मार्च 1962 के द्वारा कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित भूमि में से चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 61 के किला नं. 1/1 में 0.253 हैक्टेयर किला नं. 10/1 में 0.152 हैक्टेयर यथाकुल 0.405 हैक्टेयर भूमि का श्री गोविन्दम प्राईम फूड प्रा.लि. जरिये संचालक सीमा ग्रोवर पत्नी श्री गोविन्द ग्रोवर निवासी वार्ड नं. 13 म.न. 141 मोहन सिंह चौक, पुरानी आबादी श्रीगंगानगर द्वारा स्वामित्व के दस्तावेज एवं स्वामित्व के अधिकारों के अभ्यर्पण हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी एवं Rajasthan Municipalities (Surrender of non aggriculture land and grant of free hold lease rule-2015) एवं संशोधिक नियम 2021 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस संबंध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
– सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर राजस्थान
क्रमांक:नियमन/2024/2935 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक: 9-05-2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री अमरचन्द निवासी 6 केवाईडी, खाजूवाला बीकानेर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय **भूखण्ड** का न्यास रिकॉर्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है:-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	म